कार्तिकेय एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी
आकार विशेष विद्यालय
छिन्दवाडा म.प्र.

प्रगति रिपोर्ट 2021-2022

कार्तिकेय एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी आकार विशेष विद्यालय का पंजीयन क्रमाक 17987 है संस्थान के पंलीयन का मुख्य उद्देश्य है कि असहाय बच्चे दिव्यांग एवं महिला पुरूषों को सशक्त समाज के योग्य बनाना है। संस्थान मुख्यत: उन मुद्दो पर कार्य कर रही है जो सरकारी गतिविधियो में किसी कारण विकास में पिछड गए है या उनको विकास के लिए अत्यधिक अवसर नही प्राप्त हो पाया है। दिव्यांगता अधिकारों की जानकारी एवं स्व रोजगार उपलब्ध करना संस्थान का मुख्य उद्देश्य है जो विभिन्न माध्यमों द्वारा दिलाने का प्रयास कर रही है।

संस्था ने सत्र 2021-2022 में विभिन्न कार्य किए है जिन्हे अलग अलग क्षेत्र में बांटा गया है, संस्था द्वारा किए गए कार्य निम्न हैं-

१. **शिक्षा -**

कार्तिकेय एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी ने इस वर्ष शिक्षा पर पूर्ण जोर दिया है। चूंकि अब कोरोना काल समाप्त हो गया है और बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आ रहे थे कोरोना के दौरान बच्चों को ऑनलाईन शिक्षा प्रदान की गई एवं विशेष शिक्षको द्वारा घर घर जाकर बच्चों को समेकित शिक्षा भी दी गई सभी बच्चों को व्यक्तिगत शैक्षणिक कार्यक्रमो के द्वारा शिक्षा प्रदान की गई एवं समय समय पर अभिभावको को ट्रेनिंग दी गई ताकि वे बच्चों को बिना किसी बाधा के पढा सकें २० सितम्बर २०२१ से विद्यालय का संचालन निरंतर किया जाने लगा अर्थात् सभी बच्चे विद्यालय प्रांगण में आकर शिक्षा ग्रहण करने लगे। संस्था द्वारा संचालित हमारा घोंसला एजुकेयर नॉर्मल स्कूल जिस पर सभी बच्चे प्रतिदिन विद्याालय आयें, परीक्षा व टेस्ट दिये गए अन्य गतिविधियां की गई। खेल खेल में शिक्षा ली और साथ ही साथ आकार स्पेशल स्कूल जो इस संस्था द्वारा संचालित है उसमें सभी बच्चों का निरंतर पठन कार्यक्रम संचालित हुआ। बच्चों ने सभी थैरेपी अपने पुराने समय अनुसार ली एवं अपने स्तर के अनुसार शिक्षा ग्रहण की।

२. **व्यावसाय प्रशिक्षणः-**

इस वर्ष संस्था ने दिव्यांग बच्चों से एवं शिक्षकों की सहायता से आकर्षक दिये पेंट करवाये एवं सभी बच्चों को सुंदर सुंदर दिये और राखियॉ बनाने एवं उनकी साज सज्जा करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। बच्चों द्वारा निर्मित इन दियों व राखियों को अभिभावकों, शहर के प्रचलित डॉक्टरो एवं सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारियों को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

बच्चो द्वारा निर्मित राखियाँ।

३. समावेशी शिक्षा पर जोरः-

संस्था द्वारा प्रचलित हमारा घोंसला एजुकेयर जो कि सामान्य बच्चों का स्कूल है यह स्कूल नर्सरी से कक्षा आठवी तक है एवं आकार स्पेशल स्कूल जो कि दिव्यांग बच्चों का स्कूल है। इन दोनो स्कूलों में छात्र-छात्राओं को एक साथ रख कर विभिन्न गतिविधियां, सांस्कृतिक क्रियाकलाप से जुडे कार्यक्रमों एवं बुनियादी शिक्षा पर जोर दिया गया ताकि दोनो विद्यालय के बच्चे एक दूसरे को समझ सके एवं ऐसे वातावरण में रह सके एवं मुख्य धारा से जुड सके।

४. परामर्श :-

संस्था के साइक्लॉजिस्ट एवं काउंसलर द्वारा दिव्यांग बच्चों के अभिभावक ऐसे बच्चों जो कोरोना काल के बाद विद्यालय जाने से झिझक रहे थे उन बच्चो को परामर्श देना एवं साथ ही साथ कक्षा १० वी के बाद विषय लेने हेतू एवं १२ वी के बाद कॉलेज चयन करने के लिए विभिन्न तकनीको टेस्टो के बारे में परामर्श दिया एवं उनका भविष्य को लेकर लक्ष्य निर्धारण है उनके अनुसार मार्गदर्शन किया।

५. समूह आधारित कार्यक्रमः-

संस्था के सभी विशेष शिक्षक स्पीच थैरेपिस्ट ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट एवं परामर्शदाता छोटे-छोटे कार्यक्रमों सर्वे नुक्कड नाटक छोटे-छोटे टेम्पो द्वारा एवं घर घर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया ताकि समुदाय मे उपस्थित सभी लोगों को ऐसे बच्चो की शिक्षा के बारे में एवं संस्था एवं विद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।

६. <u>ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना :-</u>

संस्था विगत तीन वर्षो से निरंतर स्पेशल डी.एड. विषय शिक्षा डिप्लोमा लेने के लिए प्रयासरत रही है। समय समय पर आर.सी. आई से सम्पर्क कर निरंतर फाईल प्रस्तुत करने पर अंतत: संस्था ने स्पेशल डी.एड. डिप्लोमा कोर्स प्राप्त किया। फरवरी २०२२ में आर.सी.आई द्वारा भेजी गई निरीक्षण टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। सभी आवश्यक बिन्दुओ जैसे बच्चों की उपलब्धता, दस्तावेज, विद्यालय की बिल्डिंग एवं शिक्षकों व विशेष शिक्षको की अध्यापन एवं अन्य कार्यविधियों की पूर्ण रूप से जांच की गई। एवं कार्तिकेय द्वारा संचालित “कार्तिकेय इंस्टीट्यूट ऑफ रिहेबिलिटेशन एंड ट्रेनिंग सेंटर को आगामी ५ वर्षो के लिए D.Ed का कोर्स संचालन करने के लिए मान्यता प्रदान की गई। साथ ही इस वर्ष संस्था द्वारा D.Ed के विद्यार्थियों के प्रवेश का शुभारंभ किया गया।

<u>विशेष विद्यालय हेतू वर्ष में विभिन्न प्रकार की विकलांगता वाले बच्चों के लिये</u>

<u>प्रवेश एवं प्रदाय की गई आवश्यक सेवाओं एवं गतिविधियों की जानकारी:-</u>

वर्ष 2020-21 में संस्था में विभिन्न विकलांगता एवं बहु विकलांगता वाले बच्चों का संयोजन कर प्रवेश किया गया। जो कि निम्न श्रेणी के थे।

1. **INTELACTULA DISABILITY – 8**
2. **CERBRAL PALSY – 2**
3. **HEARING IMPAIRMENT – 4**
4. **LOCOMOTIVE DISABILITY -3**

गतिविधियों से संबंधित फोटो-

यह प्रगति रिपोर्ट संस्था कार्तिकेय एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के द्वारा वित्तीय वर्ष **2021-22** में की गई गतिविधियों के आधार पर निर्मित की गई है।

गौरव बाजपेयी

अध्यक्ष

कार्तिकेय एजुकेशनल एण्ड
वेलफेयर सोसायटी
छिंदवाड़ा (म.प्र.)